## ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली

# सेना ने आतंकवादियों को पालने वाले पाक को दिया करारा जवाब : बिजेंद्र

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- शुक्रवार को भाजपा ने गोहाना मंडल के गांव खन्दराई में तिरंगा यात्रा निकाली



गोहाना। तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना के सम्मान में शुक्रवार को भाजपा द्वारा गोहाना मंडल के गांव खन्दराई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा तिरंगे झंडों के साथ जयहिंद के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भााजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने की। संयोजन शेर सिंह बेडवाल का रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा गोहाना जिले के अध्यक्ष बिजेंद्र उर्फ मल्हा ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर न केवल आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया अपितु आतंकवाद पर पाकिस्तान को पूरी दुनिया में बेनकाब भी कर दिया। इससे पूरी दुनिया में भारतीय सेना का रुतबा बढ़ा है। अगर पाकिस्तान या फिर उसके आतंकवादियों ने फिर से कोई गलत कदम उठाने की सोची भी तो फिर से हमारी सेना उसे उसके घर में घुसकर सबक सिखाएगी। तिरंगा यात्रा में मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सचिव सुनील शर्मा, मोहन दत्त व विपिन गोयल विशेष रूप से पहुंचे। यात्रा में रावमावि और ग्राम सुधार समिति खन्दराई का सराहनीय योगदान रहा।

इस मौके पर गांव के सरपंच जय सिंह ठेकेदार, अरुण बड़ौक, सूरजमल शर्मा, विजय पुलस्त्य, जगमहेंद्र, प्रवीण कपूर, नरेश देवी, सत्यवती पांचाल, मीनाक्षी देवी, जयपाल लाठर, मुकेश रोहिल्ला व विजय निनानिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।




खरखौदा। अपने बनाए पोस्टर दर्शाते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- विद्यार्थियों को हमारी सेना की वीरता और समर्पण को जानने और समझने का अवसर प्रदान किया

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर भारतीय सेना का गुणगान किया गया और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑपरेशन सिन्दूर, जो भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध एक साहसिक कदम रहा, इस विषय पर विद्यार्थियों को हमारी सेना की वीरता और समर्पण को जानने और समझने का अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत करना एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना था। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की।

## आपरेशन सिंदूर की सफलता देश की सैन्य शक्ति का द्योतक : मेजर अनीता

- कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ द्वारा कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. निर्मल खंडेलवाल व मेजर अनीता, डॉ. अनिल दहिया के साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया।

प्राचार्या डॉ. प्रमिला ने अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत इरादों की परिचायक हैं। उनके कुशल नेतृत्व में यह अभियान सफलता के साथ पूरा किया गया। कार्यक्रम में मेजर अनीता ने कहा कि 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पहलगाम में बेकसूर और मासूम पर्यटकों की हत्या को कौन भुला सकता है। किस प्रकार उन्होंने धर्म और जाति पूछ कर पर्यटकों को मौत के घाट उतरा था। पाकिस्तान के इस कृत्य का जवाब देने के लिए भारतीय सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकेत मिलते ही ऑपरेशन सिंदूर अभियान के द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। जिसमें 9 ठिकानों पर100 से भी ज्यादा आतंकवादी मारे गए। डॉ. निर्मल खंडेलवाल ने अपने संबोधन में बताया कि आज समय आ गया है कि हम सरकार की योजनाओं के अनुरूप काम करें और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां निभाते हुए इस प्रकार के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर नैतिक जिम्मेदारी को निभाए। सभी युवा एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस और अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से सरकार की योजनाओं से प्रतिदिन परिचित रहे और इस प्रकार के अभियानों में जुड़कर देश और राष्ट्र सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। एक आम नागरिक के रूप में भी हम अपने देश और समाज के लिए बहुत कुछ योगदान दे सकते हैं जो आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी बन सके। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित हुए।

सामाजिक जिम्मेदारियां निभाते हुए इस प्रकार के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर नैतिक जिम्मेदारी को निभाए। सभी युवा एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस और अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से सरकार की योजनाओं से प्रतिदिन परिचित रहे और इस प्रकार के अभियानों में जुड़कर देश और राष्ट्र सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। एक आम नागरिक के रूप में भी हम अपने देश और समाज के लिए बहुत कुछ योगदान दे सकते हैं जो आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी बन सके।



## राजकीय कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में हर्ष अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राजकीय महाविद्यालय पिपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा पहलगाम हमला-एक विश्लेषण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन डॉ योगेश बाजवान द्वारा किया गया। जिसमें 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

निबंध का मूल्यांकन डॉ विनोद मलिक द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में हर्ष, काजल व चंचल ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने हमले की पृष्ठभूमि, भारत की प्रक्रिया, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया, ऑपरेशन सिंदूर एवं रणनीतिक विश्लेषण का वर्णन किया। पहलगाम हमला एक जघन्य आतंकवादी घटना थी, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए और दर्जनों घायल हुए। जिसका उद्देश्य भारत में धर्म के आधार पर गृह युद्ध की तरफ संकेत देता है। इसलिए हमें संयम और सहयोग से अपने राष्ट्र को सुरक्षित एवं मजबूत बनाना है।

### खबर संक्षेप

#### सांकेतिक धरना देंगें कई कॉलोनियों के निवासी

**सोनीपत।** लहराड़ा, बैयांपुर, कालूपुर, मोहन नगर और बाबा कॉलोनी के वासी बिजली, पानी, नाली व सड़क आदि सुविधाओं की मांग को लेकर शनिवार को धरना देंगे। भोले बाबा ने बताया कि कई सालों से भाजपा सत्ता में है, इसके बावजूद इन कॉलोनियों में सुविधाएं नहीं मिल पाती। स्थानीय निवासी शनिवार को सुबह 9 बजे निहाल स्कूल के पास साकेतिक धरना देंगे। धरने की अगुवाई बाबा देवीनाथ व ओमनाथ करेंगे।



गोहाना। अतिथियों को सम्मानित करते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

#### किशोरावस्था में किशोर नकारात्मक प्रभाव से बचें

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में शुक्रवार को कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन से आने वाले नकारात्मक प्रभाव से बचाव हेतु अवगत कराना था। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा ने छात्र शाखा और डॉ. विजयलक्ष्मी ने छात्रा शाखा में विषय बारे विद्यार्थियों को अवगत करवाया। डॉ. मनोज ने कहा कि किशोरावस्था में हारमोंस एवं एंजाइम्स परिवर्तन के चलते किशोरों में मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक परिवर्तन होते हैं। ये परिवर्तन वातावरण के अनुसार सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। सात्विक एवं संतुलित भोजन हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है एवं सामाजिक परिवर्तन हमें भावनात्मक रूप से वातावरण के अनुसार स्वस्थ विचार प्रदान करते हैं। किशोर स्वयं को जंक फूड एवं फास्ट फूड से बचाकर रखें। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य एवं विभाग प्रमुख मनु दूहन, दीपक कपूर आदि ने सहयोग किया।

## गंगेसर में राजमाता अहिल्या बाईं होलकर को किया नमन



- अहिल्या बाई ने विपरीत परस्थितियों में भी समाज सुधार और कल्याण के कार्य किए : पवन खरखौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शुक्रवार को भाजपा द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होलकर का जन्म दिवस पर गांव गंगेसर में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।

समारोह के मुख्य अतिथि खरखौदा विधानसभा के अध्यक्ष पवन खरखौदा थे। अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र उर्फ मल्हा ने की। संयोजक महेंद्र चिड़ाना और सह संयोजक रीना शर्मा व प्रदीप बड़वासनी रहे। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि राजमाता अहिल्या बाई ने कहा कि अहिल्या बाई ने विपरीत परस्थितियों में भी समाज सुधार और कल्याण के कार्य किए। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही महापुरुषों का सम्मान किया है। समारोह में आरके नेत्र अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। कार्यक्रम में गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी, भाजपा गोहाना मंडल अध्यख भूपेंद्र मुद्गिल,चेयरमैन सुशीला शर्मा, विपिन गोयल, जगबीर जैन, डॉ. राममेहर राठी, सरपंच सविता व शेर सिंह बेडवाल आदि मौजूद रहे।

## मुक्त स्रोत तकनीकों पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया
- गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कार्यशाला का आयोजन

गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मुक्त स्रोत अनुप्रयोग विषय पर एक सप्ताहीय ऑनलाइन लघुकालीन कार्यशाला का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन संस्थान के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से सहायक आचार्य आशिष अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने सम्पूर्ण आयोजन को प्रभावी रूप से संचालित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से पच्चीस से अधिक प्रतिभागी देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े थे। कार्यशाला के अंतर्गत अनेक समसामयिक एवं तकनीकी विषयों को सम्मिलित किया गया, जैसे मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर का परिचय एवं उनका अभियांत्रिकी क्षेत्र में उपयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल निर्माण हेतु पाइथन कार्यक्रमन, शोध संदर्भ प्रबंधन हेतु वीओएस व्यूअर, आंकड़ा विश्लेषण में नाइम सॉफ्टवेयर का उपयोग, खुले स्रोत खुफिया उपकरण, फेडरेटेड शिक्षण एवं दीर्घ भाषा मॉडल आधारित सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तथा चेहरे एवं वस्तुओं की वास्तविक समय पहचान।

### दोनों के लिए लाभकारी

इस अवसर पर गेटवे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंघल ने कहा की इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

## सैनिक स्कूल-परिणाम में 38 विद्यार्थियों ने बाजी मारी

**सोनीपत।** एनटीए द्वारा आल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) के छात्रों के द्वारा उत्कृष्ट परिणाम दिया गया। कक्षा पांचवीं से बाईस और कक्षा आठवीं से सोलह विद्यार्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया। अध्यापकों का इस परीक्षा की तैयारी करवाने में अहम योगदान रहा। विद्यालय मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निर्देशक दीपक, प्राचार्य महोदय डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने क्रमशः छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर बधाई दी व सभी छात्रों को मिठाई खिलाई।

## स्केटिंग में दिखाई प्रतिभा, चौथी कक्षा की अवनी प्रथम



**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल' सोनीपत के छात्रों ने एक निजी स्कूल में आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें चौथी कक्षा की छात्रा अवनी ने प्रथम स्थान, पांचवीं कक्षा के छात्र कार्तिक ने द्वितीय स्थान और तीसरी कक्षा के उज्ज्वल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निर्देशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने क्रमशः छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रतियोगिता परिणाम पर बधाई दी व छात्रों को प्रशंसा-पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान किये गये।

### नगरपालिका की साधारण बैठक को विधायक ने किया संबोधित

# हर वार्ड में 50 लाख तक के कामों में मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- पार्षद अपने वार्ड में जरूरत के हिसाब से गली, नाली जैसे काम करवा सकेंगे
- विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइट का टेंडर प्रक्रिया पूरा कर जल्द वर्क आर्डर जारी करें
- 17 में से 13 पार्षद मौजूद रहे।



गन्नौर। नगरपालिका साधारण बैठक में उपस्थित विधायक देवेंद्र कादियान अधिकारियों व पार्षदों को संबोधित करते हुए।

नगरपालिका कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को साधारण बैठक नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक देवेंद्र कादियान भी उपस्थित रहे। बैठक में हर वार्ड में 50 लाख रुपए तक के कामों को मंजूरी दी गई। पार्षद अपने वार्ड में जरूरत के हिसाब से गली, नाली जैसे काम करवा सकेंगे।

### अधिकतर पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट और सफाई की समस्या उठाई

बैठक में पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट और सफाई की समस्या उठाई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइट का टेंडर प्रक्रिया पूरा कर जल्द वर्क आर्डर जारी करें। विधायक ने सफाई के लिए 5 से 7 कर्मचारियों की एक टीम अतिरिक्त में रखने को कहा, जिससे किसी भी वार्ड में सफाई की समस्या आने पर टीम को तुरंत भेजा जा सके। विधायक कादियान ने नपा सचिव को निर्देश दिए कि किसी भी वार्ड में विकास कार्य शुरू करने से पहले संबंधित पार्षद को सूचित किया जाए। तालमेल से काम होगा तो शहर का विकास तेजी से होगा। बैठक में 17 में से 13 पार्षद मौजूद रहे। जबकि महिला पार्षद खुशबू जैन, सोनिया शर्मा, राखी व शिवानी जैन अनुपस्थित रहीं। नपा सचिव ने बताया कि 20 लाख रुपए का टेंडर लगाकर मानसून से पहले नालों की सफाई का काम शुरू हो चुका है।

### पार्कों का होगा सुंदरीकरण

विधायक ने कहा कि शहर के पार्कों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। सबसे पहले नगरपालिका के पास बने लहरी सिंह पार्क में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम होगा। इसका डिजाइन बनना बाकी है। रेलवे स्टेशन के बाहर बने पार्क को भी सुंदर बनाने पर जोरदिया गया। पार्षदों ने इस पर सहमति जताई।

## ग्लोबल स्कूल के मेधावियों ने जीत ली स्कॉलरशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खानपुर कलां गांव स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा में स्कूल के कक्षा अनुसार 29 विद्यार्थियों ने टॉप-10 सूची में अपना नाम दर्ज किया।

शुक्रवार को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने अपने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। गोहाना में एएस कैंपस द्वारा स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में विजेताओं को एएस कैंपस के संचालक आशीष ने नकद पुरस्कार और पदक प्रदान करके सम्मानित किया। परीक्षा में कक्षा छठी से प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा राधिका को 31 सौ रुपए नकद पुरस्कार, कक्षा 7वीं से द्वितीय स्थान प्राप्त नमन को 21 सौ रुपये और कक्षा 9वीं से तृतीय स्थान प्राप्त याशिका व कक्षा छठी से भूमिका को भी 21 सौ रुपये नकद पुरस्कार देकर देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में गोहाना के टॉप-10 विद्यार्थियों में ग्लोबल स्कूल के कक्षा छठी से 11 विद्यार्थी, कक्षा 7वीं से 10 विद्यार्थी, कक्षा 8वीं से 1 विद्यार्थी, कक्षा 9वीं से 1 विद्यार्थी और कक्षा 10वीं से 6 विद्यार्थी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### देवर-जेठ के बेटे पर मारपीट का आरोप

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के गांव महीपुर की रहने वाली सुमन ने आरोप लगाया कि 20 मई 2025 को वह अपनी बेटी निशा का हालचाल जानने शर्मा अस्पताल फरमाणा गई थी। उसी समय वहां उसकी जेठानी, भारत और भारत की पत्नी निधि भी मौजूद थे। उन्होंने सुमन से कहा कि वह अपनी बेटी से मिलने क्यों आई है। अगले दिन शाम को सुमन पानी भरने गई तो वहां उसका देवर और जेठ का बेटा आ गए थे।

### आपसी झगड़े में महिला समेत तीन घायल, केस

**खरखौदा।** गांव रामपुर कुंडल में किराएदारों को लेकर हुए विवाद में परिवार पर लाठी और हथियारों से हमला किया गया। हमले में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को खरखौदा अस्पताल में लाया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। पीड़ित नवीन ने चौकी इंचार्ज को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है और अपने मकान के पास किराएदारों के लिए अलग मकान बना रखा है। उसमें कुछ किराएदार रह रहे हैं।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने गांव निजापुमर से साहिल को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। यूनिट के हवलदार विकास पुलिस टीम के साथ गांव भावड़ से निजामपुर रोड पर पुल के निकट मौजूद थे। उन्हें सूचना मिली कि गांव निजामपुर का साहिल पहले हत्या के मामले में जेल में था और लगभग 25 दिन पहले बाहर आया था। उसके बाद उसने अवैध हथियार जुटाया और गांव में स्टेडियम के पास खड़ा है।

### फोन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने घर से मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवम् निवासी आरके कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।
मुंगेर बिहार हाल में आरके कॉलोनी निवासी गौतम ने बताया कि वह रात को अपने कमरे पर सो रहा था। मोबाइल को अपने पास ही रखा था। सुबह उठकर देखा तो मोबाइल फोन गायब मिला था।

### पीटीआई को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा

**सोनीपत।** योग दिवस को लेकर शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। इसके लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शेड्यूल जारी किया गया है। जिसके तहत सोनीपत और गोहाना में जिले के सभी आठ खंडों के शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता, पीटीआई, डीपीआई को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत सोनीपत में कुल 5 खंडों के शिक्षकों को तथा गोहाना में कुल 3 खंडों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### ठगी की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने गांव बिंदरौली की कंपनी के लेखाकार को ऑनलाइन पाइप बेचने के नाम पर 18.44 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित केशव निवासी फिरोजाबाद यूपी, रणजीत व मनोज निवासी शाहजहांपुर यूपी नोएडा के है। पुलिस ने आरोपितो को नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### लाखों रुपये की राशि पर चोरों ने किया हाथ साफ

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में गोहाना रोड स्थित ओम नगर में किराए पर रह रहे एक परिवार की लाखों रुपये की राशि व आभूषण के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने परिवार के सदस्य व उसके दोस्तों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध आरोपितों को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वर्चुअल लैब से विवि की हजारों छात्राओं को मिलेगा लाभ : प्रो. सुदेश

## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय को शिक्षा मंत्रालय की तरफ से वर्चुअल लैब नोडल सेंटर मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की तरफ से वर्चुअल लैब नोडल सेंटर मिल गया है। इसके लिए विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्चुअल लैब से ग्रामीण अंचल में स्थित इस विवि में पढने वाली हजारों छात्राओं को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

कुलपति ने शुक्रवार को विवि के इंजीनियरिंग विभाग के सभी विभागाध्यक्ष व महिला बहुतकनीकी संस्थान के प्राचार्य के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वर्चुअल लैब से महिला विवि की हर वो छात्रा लाभान्वित हो जिसके लिए यह लैब जरूरी है। इसके लिए विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से रूचि लें और छात्राओं को वर्चुअल लैब के प्रयोग की ट्रेनिंग दें। प्रो. सुदेश ने कहा कि आज का समय पूर्ण रूप से तकनीक का है। हम जो भी कर रहे हैं उसका दस्तावेजीकरण होना भी जरूरी है। विवि के स्वावलम्ब केंद्र की निदेशक और वर्चुअल लैब की इंस्टीच्यूट नोडल को-ऑर्डिनेटर डॉ. अंशु भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर लैब के लिए पंजीकरण किया था। इस लैब से विवि के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, एप्लाइड साइंसेज, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित व महिला बहुतकनीकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा ऑफिस मैनेजमेंट की छात्राएं लाभान्वित होंगी।


गोहाना। वर्चुअल लैब के प्रयोग से संबंधित बैठक लिए विवि की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

शिक्षकों को इस लैब की कार्यशैली के बारे में जागरूक करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा महिला विवि में अगस्त महीने में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके सही प्रयोग के लिए विभाग स्तर पर को-ऑर्डिनेटर भी नियुक्त किए जाएंगे। बैठक में प्रो. विजय नेहरा, प्रो. सुनील सांगवान, प्रो. बीनू तंवर, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. सोनल बेनीवाल, डॉ. प्रियंका व किरण जिंदल मौजूद रहे।

### विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

# पचास फीसदी से कम परिणाम वाले स्कूलों से मांगा स्पष्टीकरण

## स्कूलों को चिन्हित कर शिक्षा के सुधार में और प्रयास करेगा विभाग

### स्कूलों को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट सौंपनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर उन राजकीय विद्यालयों से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं, जिनका परिणाम इस वर्ष 50 फीसदी से कम रहा है। इन स्कूलों में आगामी सत्र में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिये ही स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। ऐसे स्कूलों को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में तत्परता दिखाते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों से जल्द रिपोर्ट कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों को रिपोर्ट में यह बताना अनिवार्य रहेगा कि उनके स्कूलों से कितने विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा में भाग लिया। कितने विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, कितनों की रिअपीयर आई और कितने विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। अब विभाग की ओर से 50 फीसदी से कम परीक्षा परिणाम लाने वाले स्कूलों को चिह्नित कर शिक्षा के सुधार में और प्रयास किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों की संख्या, कमजोर विद्यार्थियों के प्रदर्शन के अनुसार आकलन किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार सभी विद्यालयों से परीक्षा परिणामों की विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई गई है। ऐसे विद्यालयों के मुखिया जिनका परिणाम 50 फीसदी से कम है, उनसे अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए विस्तृत रिपोर्ट ली जाएगी।



**काम नहीं आया प्रशिक्षण**

विभाग की ओर से राजकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए परीक्षा से पहले स्कूल मुखियाओं को प्रशिक्षण दिया गया था, ताकि जिलाभर के स्कूलों के परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। साथ ही खराब परिणाम वाले स्कूलों की सूची पर भी नजर रखी गई थी। स्कूल मुखियाओं से पिछले साल के परिणाम की जानकारी लेकर हिदायत दी गई थी। अब विभाग ने उम्मीदों पर खरा न उतरने वाले व 50 फीसदी से कम परिणाम लाने वाले स्कूलों से रिपोर्ट मांगी है।

**स्कूलों के रिजल्ट की समीक्षा की जाएगी**

जिलाभर के राजकीय विद्यालयों से कक्षा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम की रिपोर्ट मांगी गई है, ताकि समीक्षा की जा सके। साथ ही 50 फीसदी से कम परिणाम लाने वाले स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस बारे में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगामी सत्र में शिक्षा परिणाम को और बेहतर बनाया जा सके। रिपोर्ट के आधार पर खराब परिणाम वाले स्कूलों के परिणाम की समीक्षा की जाएगी।

*नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

**कुछ ऐसा रहा था कक्षाओं का परिणाम**

कक्षा 12वीं
कुल परीक्षार्थी - 11729
उत्तीर्ण हुए - 10244
रिअपीयर - 1092
अनुत्तीर्ण - 393
पास फीसदी - 87.34
कक्षा 10वीं
कुल परीक्षार्थी - 15028
उत्तीर्ण हुए - 14085
सुधार के लिए मौका (ईआईओपी) - 721
रिअपीयर - 222
पास फीसदी - 93.73

# शिक्षा से व्यक्ति का सामाजिक और व्यक्तिगत विकास : देवेंद्र कादियान

- गढ़ी झंझारा स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति को विधायक ने किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गढ़ी झंझारा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मां सरस्वती की मूर्ति का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सतपाल राठी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई। इसमें विधायक, स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने आहुति डाली। इससे पहले स्कूल में विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। विधायक कादियान ने कहा कि विद्यार्थी को स्कूल में प्रवेश करते ही सरस्वती वंदना करनी चाहिए। शिक्षा से जीवन में सब कुछ पाया जा सकता है। शिक्षा से व्यक्ति का सामाजिक और व्यक्तिगत विकास होता है। विद्यार्थियों में संस्कार भी जरूरी हैं। उन्होंने मां सरस्वती से बच्चों की तरक्की और सफलता की प्रार्थना की। विधायक ने बोर्ड परीक्षा के शत-प्रतिशत परिणाम पर बच्चों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मार्ग है। इस मौके पर सरपंच कर्मबीर रापरिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गौरव त्यागी, नेत्रपाल रापरिया, अंकित मल्होत्रा, प्राचार्य सुरजीत खोखर, अनुपम रापरिया सहित अन्य मौजूद रहे।


गढ़ी झंझारा स्कूल में विधायक देवेंद्र कादियान व स्कूल स्टाफ मां सरस्वती की मूर्ति का लोकार्पण करते हुए।

## सिविल सर्विस-ज्यूडिशरी की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर आधुनिक भवन का भूमि पूजन कल

### डा. गुप्ति सागर महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम

गन्नौर। जी टी रोड स्थित गुप्तिसागर धाम में महायोगी उपाध्याय श्री 108 डा. गुप्ति सागर की प्रेरणा व आशीर्वाद से सिविल सर्विस व ज्यूडिशरी की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर आधुनिक भव्य राष्ट मंदिर कामयाब भवन की भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह रविवार 25 मई को होगा। यह जानकारी जैन तीर्थ गुप्तिधाम के कार्याध्यक्ष एस के जैन व अमित जैन ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गुप्ति सागर महाराज के सानिध्य में सुबह ध्वजारोहण से होगी। इसके बाद दीप प्रज्जवलन, चित्र अनावरण, विशिष्ठ अतिथियों का सम्मान, गुप्ति सागर महाराज का संबोधन होगा। उसके बाद भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम होगा। पुण्यार्जक दिल्ली प्रीत बिहार से वीरेन्द्र सोनी व पायल सोनी होगी। सरंक्षक जेसी जैन ने बताया कि भव्य भवन के निर्माण के बाद यहां तैयारी करने वाले छात्रों को पूरी आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।



### महिला को समोहित कर नकदी और बालियां ठगी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गीता भवन चौक पर काम से लौट रही महिला को समोहित करते दो हजार रुपये की राशि व सोने की बालियां ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वार्ड नंबर-5 सुंदर सांवरी निवासी रिंकू ने बताया कि वह कच्चे क्वार्टर में सफाई करने का कार्य करती है। बृहस्पतिवार को देर शाम करीब चार बजे काम खत्म करके घर लौट रही थी। उसी दौरान वह सुनील स्वीट्स के पास पहुंची, दो अज्ञात युवक उसके साथ चलने लगे। एक की उम्र करीब 40 साल और दूसरे की 20 साल के आसपास थी। दोनों ने उसे बातों में उलझा लिया था।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की बिगड़ रही हालत पर प्रबंध निदेशक को भेजा शिकायत पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एसो. ने एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक को एक ज्ञापन भेज कर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की है। एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल ने बताया कि ज्ञापन में बताया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें और सीवर व्यवस्था बेहद जर्जर स्थिति में हैं, जिससे रोजाना की गतिविधियों में बाधा आ रही है। औद्योगिक कचरे का नियमित रूप से निस्तारण न होने से सफाई और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कुछ अनुबंध कार्य बिना निगरानी और गुणवत्ता जांच के ही पूरे किए जा रहे हैं, जिसमें पारदर्शिता की कमी है और उन्हें पेमेंट भी कर दी जाती है। उन्होंने मांग करी है कि ज्यादा इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाली एसोसिएशन की सहमती के बाद पेमेंट की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि कई औद्योगिक इकाइयों ने अवैध रूप से अपने अपशिष्ट को वर्षा जल निकासी सीवर में जोड़ दिया है, जिससे भूजल प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में यह पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए खतरा है। ऐसी ईकाइयों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सीईटीपी प्लांट की कार्यप्रणाली भी सही नहीं है है। इसमें आवश्यक रसायनों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो रहा है और रिकार्ड अधूरे हैं। इसकी जांच कर जानी चाहिए।

## टूरिज्म होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजी के छात्रों ने ट्रायम्फ वर्ल्ड रिकार्ड को स्थापित किया

- छात्रों ने मिलकर 601 हिस्से प्लांट-बेस्ट माक मीट बिरयानी तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित एसआरएम विवि में इंस्टीटयूट आफ होटल्स मैनेजमैंट फैक्ल्टी आफ टूरिज्म होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजीके छात्रों ने ट्रायम्फ वर्ल्ड रिकार्ड को सफलतापूर्वक स्थापित किया।

वाईस चांसलर प्रो. डा. परमजीत जसवाल, रजिस्ट्रार प्रो वी सैमुएल राज, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा. डी एंटनी, प्रधानाचार्य के एस नारायण मौजूद रहे। नोवा वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारी उद्योग विशेषज्ञों व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ये प्रयास एसआरएम आईएचएम के स्टाफ व छात्रों ने मिलकर 601 हिस्से प्लांट- बेस्ट माक मीट बिरयानी तैयार की। वीसी प्रो डा. परमजीत जसवाल ने बताया कि यह पहल छात्रों की पाक प्रतिभा का प्रदर्शन थी, बल्कि एसआरएम की सतत विकास, नवाचार और सामाजिक सरोकार के प्रति सशक्त संदेश था, माक मीट पारंपरिक पशु प्रोटीन का नैतिक, पोष्टिक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है और इसे भारत की सबसे प्रतिष्ठित डिश बिरयानी में शामिल किया गया है। बिरयानी को सुगंधित चावल, मसाले और पौधों पर आधारित मां का उपयोग कर पकाया गया, ऐसे मानको को दर्शाया कि प्लांट बेस्ट और क्लाइमेट-कान्शन कुकिंग को प्राथमिकता दी।



ट्रायम्फ वर्ल्ड रिकार्ड विवि के वाईस चांसलर प्रो.डा. परमजीत जसवाल व अन्य।

## विकास कार्यों में अनियमितताओं पर ग्राम सचिव को किया निलंबित

- सरपंच वेदप्रकाश को भी उपायुक्त द्वारा निलंबित किया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत खेड़ी तगा में विकास कार्यों की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की गई है। जिला परिषद कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, खेड़ी तगा पंचायत सचिव कुलदीप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले इसी ग्राम पंचायत के सरपंच वेदप्रकाश को भी उपायुक्त द्वारा निलंबित किया जा चुका है। जानकारी अनुसार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निर्देशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गन्नौर द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में ग्राम पंचायत खेड़ी तगा में कराए गए विकास कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आई। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों के रिकार्ड व बिलों में भारी खामियां पाई गईं। साथ ही फर्म के बिलों को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से सत्यापित नहीं करवाया और समय पर जानकारी नहीं दी गई, जिससे पंचायत निधियों को नुकसान हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सचिव को निलंबित करने का आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि वह अपनी उपस्थिति खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय मुरथल में सुनिश्चित करें।


गोहाना। गुरु गोरखनाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन करते नागरिक।

**गुरु गोरखनाथ को किया नमन**

**गोहाना।** गोहाना के वार्ड 16 की चोपड़ा कॉलोनी में शुक्रवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्मृति दिवस मनाया गया। समारोह में नागरिकों ने गुरु गोरखनाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता मंदिर के संचालक भक्त बिसनदत्त शर्मा ने कहा गुरु गोरखनाथ एक महान योगी और प्रसिद्ध संत थे। उन्होंने योग, आध्यात्मिक और अनुशासन के माध्यम से समाधि प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया। गुरु गोरखनाथ ने भारत भर में यात्रा करके विभिन्न स्थानों पर योग और आध्यात्मिक अभ्यास का प्रचार किया। स्मृति दिवस समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा गुरु गोरखनाथ ने कई ग्रंथो की रचना की। उनके प्रमुख ग्रंथों में गोरखनाथ की वाणी, गोरखनाथ का साहित्य, नवनाथ ग्रंथ और 84 सिद्ध साहित्य हैं। इन ग्रंथो में योग, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान की जानकारी मिलती है। कश्मीरी लाल बावा, रणधीर राठी,जगदीश पटवा, सुनील सेन, मास्टर हवा सिंह आदि मौजूद रहे।

# माता अहिल्याबाई के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें विद्यार्थी : विधायक

- ऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल में होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आरंभ किए गए जन-जागरण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ऋषिकुल विद्यापीठ स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, उनके योगदान तथा उनके आदर्शों से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक निखिल मदान, नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता माईराम कौशिक ने माता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि धर्म, नीति और लोककल्याण की प्रतिमूर्ति लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारी नेतृत्व, न्यायप्रियता और जनसेवा की अनुपम मिसाल थीं। उनका जीवन नेतृत्व, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए आज भी प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी माता अहिल्याबाई के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। मेयर राजीव जैन ने कहा माता अहिल्याबाई ने सामाजिक न्याय, प्रशासनिक दक्षता और महिला सशक्तिकरण की एक अमिट छाप छोड़ी है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि दृढ़ निश्चय और सेवा भाव ही सच्चे नेतृत्व की पहचान हैं। यह आयोजन उनकी स्मृति को सम्मान देने की एक प्रेरणादायक पहल है। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की अद्वितीय प्रतीक थीं। भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन मंगला आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन विधायक, मेयर, भाजपा नेता एवं अन्य।

**सूचना**

मैं, अनिल कुमार पुत्र श्री रण सिंह निवासी ताजपुर तिहाड़ा खुर्द, तहसील व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सचिन व पुत्रवधु रविना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, संजय पुत्र श्री अनिल कुमार निवासी ताजपुर तिहाड़ा खुर्द, तहसील व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा भाई सचिन पुत्र श्री अनिल कुमार व रविना पत्नी सचिन मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनसे संबंध विच्छेद करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप



## रक्तदान शिविर में 125 युवाओं ने रक्तदान किया

**खरखौदा।** मटिण्डू गांव में सन्नी दहिया की याद में पांचवां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 125 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तदान का शुभारंभ रेड क्रॉस के पूर्व जिला प्रशिक्षण अधिकारी धर्मवीर दहिया ने किया। सोनीपत ब्लड बैंक के डायरेक्टर महावीर पहल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उन्हें समानित किया। इस अवसर पर संदीप दहिया, दीपक, दीपक दहिया,अजय दहिया, यश दहिया, डॉ मोहित दहिया व नर सिंह दहिया मौजूद रहे।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस



**सोनीपत।** क्राइम यूनिट ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत निवासी खेवड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। युवक गांव के स्कूल के पास संदिग्ध हालत में खड़ा था। तलाशी लेने पर उससे पिस्तौल व कारतूस बरामद हुआ।

## रिंढाणा से बुजुर्ग लापता, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव रिंढाणा से बुजुर्ग लापता हो गए। भतीजे की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। अमित ने पुलिस को बताया कि उसके 75 वर्ष के ताऊ भीम पांच-छह दिन पहले किसी को बिना कुछ बताए घर से चले गए। स्वजन ने उनकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर उसने पुलिस को शिकायत देकर उनकी तलाश करने की मांग की।

## घड़वाल में खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी

**गोहाना।** घड़वाल से खेतों से बिजली निगम के दो ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए गए। निगम के कथूरा सब डिवीजन के एसडीओ कपिल यादव की शिकायत पर बदोरा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव घड़वाल के जोरा सिंह और दुलीचंद ने सिंचाई के लिए निगम से बिजली कनेक्शन ले रखे हैं। उनके खेतों में ट्रांसफार्मर लगाए गए थे, जिनको चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर जेई ने मौके पर पहुंचकर जांच की और एसडीओ को रिपोर्ट की। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अदम्य साहस के लिए ककरोई के मेजर आशीष दहिया को मिला शौर्य चक्र

■ पुलवामा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए दिखाया था पराक्रम ■ घायल साथी को अपनी जान पर खेल कर पहुंचाया था सुरक्षित स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को वीर को सम्मान से नवाजा

सोनीपत के गांव ककरोई निवासी मेजर आशीष दहिया को वीरता का प्रतीक शौर्य चक्र प्रदान किया गया है। देश की रक्षा में अद्वितीय साहस व नेतृत्व क्षमता का परिचय देने वाले आशीष दहिया को यह उच्च सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में प्रदान किया। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन का नेतृत्व करते हुए मेजर आशीष दहिया ने जो पराक्रम दिखाया, वह भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाई देता है। उन्होंने एक जटिल ऑपरेशन के दौरान न केवल आतंकवादियों से लोहा लिया, बल्कि जान पर खेलकर अपने घायल साथी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। इस ऑपरेशन में उन्होंने कश्मीर के सबसे लंबे समय तक सक्रिय रहे ए प्लस-प्लस श्रेणी के खूंखार आतंकी को ढेर किया।

### पांच अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियानों में शामिल रहे

मेजर आशीष दहिया जून 2022 से अब तक पांच अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियानों में भाग ले चुके हैं। इन अभियानों में उन्होंने चार कट्टर आतंकियों को ढेर करने के साथ तीन तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) भी निष्क्रिय किए हैं। 2 जून 2024 को पुलवामा में हुए एक विशेष ऑपरेशन के दौरान उन्होंने अत्यंत सूझबूझ, साहस व कुशल नेतृत्व का प्रदर्शन किया। ऑपरेशन के दौरान आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी व ग्रेनेड हमले के बीच उन्होंने अपने घायल साथी को न केवल बचाया, बल्कि मिशन को भी सफलतापूर्वक पूरा किया। मेजर दहिया की इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव ककरोई में खुशी की लहर है। परिजनों, ग्रामीणों व उनके स्कूल के शिक्षकों को उन पर गर्व है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### पिता थे सेना में, छोटा भाई और पत्नी भी

*मेजर आशीष दहिया के स्वर्गीय पिता लांस नायक अशोक कुमार भी भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके थे। उनके ताऊ जगबीर सिंह ने बताया कि भाई अशोक के निधन के बाद उन्होंने ही आशीष व उनके भाई-बहन की परवरिश की। आशीष के छोटे भाई मेजर अनीष दहिया इस समय सियाचिन में तैनात हैं, आशीष की पत्नी मेजर अनुषा दक्षिण सुडान में हैं। आशीष दहिया का चयन वर्ष 2011 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हुआ था। वर्ष 2015 में वह भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से पासआउट हुए। वर्तमान में वह 50 राष्ट्रीय राइफल्स में सेवारत हैं।*

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्रों के दो गुटों में चले चाकू, दो घायल

## घायलों को नागरिक अस्पताल में करवाया भर्ती, प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर रेफर

■ वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले
■ पुलिस अधिकारी भी जांच के लिए संस्थान में पहुंचे
■ संस्थान ने भी मामले की शुरू की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सोनीपत-नरेला रोड पर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शुक्रवार को छात्रों के दो गुटों के बीच झगड़ा हो गया। आपसी विवाद में बचाव को आए दो छात्रों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। जिससे वह घायल हो गए। वारदात को अंजाम देकर हमलावर भाग निकले।

### वेल्डर ट्रेड के छात्र

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्रों के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं आईटीआई प्रबंधन ने भी अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव बिलंदपुर खेड़ी निवासी रोहित व बहालगढ़ निवासी अजय आईटीआई में वेल्डर ट्रेड से कोर्स कर रहे है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को आईटीआई परिसर में उनके साथी संग झगड़ा हो रहा था। जिसमें दोनों छात्र बीच बचाव करने लगे।

### धारदार हथियार से वार

आरोप है कि इसी दौरान किसी ने उन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। उसके बाद हमलावर भाग गए। घायल छात्र अजय ने बताया उनके साथी के साथ हो रहे झगड़े में बचाव करते हुए अचानक किसी ने हमला कर दिया। उसके बाद उन्हें चक्कर आ गए। वह नहीं देख सके कि किस हथियार से वार किया है। अन्य के आने पर हमलावर मौके से भाग निकले।

### संस्थान ने अस्पताल पहुंचाया

आईटीआई संस्थान के अधिकारी झगड़े की सूचना पर पहुंचे तो वहां घायल छात्र थे। उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें खानपुर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पिस्तौल दिखाकर प्राइवेट बैंक कर्मी से नकदी व टैब छीना

**गोहाना।** छतैहरा के मोड के निकट दो युवकों ने प्राइवेट बैंक के कर्मी को पिस्तौल अड़ाकर नकदी व टैब छिन लिया और फरार हो गए। कर्मी क्षेत्र में लोन की किस्तों की रिकवरी करने आया था। वह काम निपटाकर अपने गांव जा रहा था तो बदमाशों ने उसे रोक लिया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। जींद के गांव खेड़ा सेमावती का सुलेंद्र दो साल से उनके गांव स्थित उज्जीवन बैंक की खेड़ा खेमावती शाखा में सीआरओ पद पर नौकरी कर रहा है। वह गांव-गांव जाकर लोन करवाने के साथ लोन की किस्तों की रिकवरी भी करता है। बैंक द्वारा उसे टेब भी दिया गया। गुरुवार को वह बाइक पर गोहाना क्षेत्र के गांव बुसाना में किस्त लेने आया। उसने इस गांव के लोगों से किस्त के 78,362 रुपये जुटाए और उसके बाद गांव मुंडलाना में पीएनबी की शाखा में गया। वहां पर 63,900 रुपये जमा कराए और उसके पास 14,362 रुपये बच गए थे। इसके बाद वह बाइक पर अपने घर गांव खेड़ा खेमावती के लिए निकला। जब वह कुराना-छतैहरा रोड पर गांव छतेहरा मोड पर पहुंचा तो बाइक पर सवार दो युवक आए। उन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। युवकों ने अपनी बाइक उसकी बाइक के आगे अड़ा दी। एक युवक बाइक से उतरा और उस पर पिस्तौल तानकर उससे बैग छिन लिया। बैग में 14,362 रुपये और टैब था, जिसे वे छिनकर बाइक पर भाग गए। शैलेंद्र ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया।

# केएमपी एक्सप्रेस वे पर हादसे में युवक की मौत



**खरखौदा।** हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर गोपालपुर गांव के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घालय हो गया। जिसे इलाज लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खरखौदा का रहने वाला अनुराग सैनी गोपालपुर निवासी अपने साथी नीतेश के साथ अपनी आई-20 कार लेकर शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित किसी कंपनी में साक्षात्कार देने के लिए गए थे। साक्षात्कार के बाद दोनों अपनी कार से वापस लौट रहे थे कि केएमपी एक्सप्रेसवे पर गोपालपुर के पास पहुंचे, तो किसी अज्ञात वाहन ने



नितेश। फाइल फोटो

पीछे से उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार कई बार पलटी और इस सड़क हादसे में नीतेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार चला रहा अनुराग सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सोनीपत के अस्पताल में ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे रेफर किया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## छेड़छाड़ का आरोपी काबू

**सोनीपत।** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल उर्फ छोटू निवासी यूपी हाल में ज्ञान नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने 9 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 9 मई को उसकी बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। बाद में पुलिस ने बरामद कर कोर्ट के सामने बयान दर्ज करवाए।

## रोहणा के तुषार यूके में बने सबसे युवा डिप्टी मेयर



**खरखौदा** ।उपमंडल खरखौदा के गांव रोहणा के रहने वाले तुषार कुमार ने इंग्लैंड में इतिहास रच दिया है। एल्स्ट्री और बोरहैमवुड टाउन काउंसिल ने उन्हें 21 मई 2025 को डिप्टी मेयर नियुक्त किया। 22 साल के तुषार इस पद पर पहुंचने वाले टाउन के सबसे युवा डिप्टी मेयर बने। साथ ही वे यूके के सबसे युवा भारतीय मूल के डिप्टी मेयर भी हैं। इस उपलब्धि से उसके पैतृक गांव रोहणा में खुशी का माहौल है। तुषार ने किंग्स कॉलेज लंदन से राजनीति विज्ञान में स्नातक किया है। वे ब्रिटेन के डिपार्टमेंट फॉर वर्क एंड पेंशंस में पॉलिसी एडवाइज़र रह चुके हैं। नीति निर्माण, शिक्षा और सामाजिक सेवा में उनका अनुभव रहा है। वे हिंदी शिक्षा परिषद यूके में स्वयंसेवक हैं। यहां वे ब्रिटिश-भारतीय बच्चों को हिंदी भाषा मुफ्त में सिखाते हैं। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और दिवाली जैसे पर्वों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराते हैं। उनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। तुषार ने कहा, यह सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। वे चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति से युवाओं को प्रेरणा मिले। वे राजनीति में आएं और नेतृत्व करें। उन्हें गर्व है कि वे एल्स्ट्री और बोरहैमवुड जैसे विविध नगर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले वे एस्कॉर्ट पद पर भी चुने जा चुके हैं।

## मोहाना थाना क्षेत्र में मासूम से दरिंदगी, मेडिकल कॉलेज रेफर

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र में ढाई साल की बच्ची से दरिंदगी करने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजन बच्ची को लेकर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर लेकर पहुंचे। जहां बच्ची का उपचार चल रहा है। बच्ची के पिता ने मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल कर सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दो संदिग्ध युवको को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी ढाई साल की बेटी घर पर खेलती रहती है। दरवाजा खुला होने के चलते गली में निकल गई। उसके बाद वापस लौटी तो बेटी के पैर पर खून लगा हुआ था। लड़की की मां ने उसे नहला दिया। उसके बाद देखा तो फिर से खुन आ गया। बच्ची के प्राइवेट पार्ट से खून आता दिखाई दिया। बच्ची ने मां को इशारों में समझाने की कोशिश की, उसके कपड़े निकाले कर गलत जगह पर छूने के बारे में अवगत करवाया। जानकारी मिली कि बच्ची मां बच्ची को गांव के सामुदायिक केंद्र पर लेकर पहुंचे। जहां तैनात महिला चिकित्सक ने उसे देखने के बाद महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर लेकर जाने के लिए कहा। परिजन देर शाम करीब छह बजे खानपुर पहुंचे। जहां बच्ची का उपचार करवाने के लिए चक्कर काटते रहे। करीब 11 बजे जाकर बच्ची को उपचार दिया गया है। पिता का आरोप है कि मंत्री के संज्ञान में मामला आने के बाद चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। उसके बाद खुद ही बच्ची के पिता ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मोहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस रात को ही दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**एफएसएल टीम जांच में जुटी :** जानकारी मिली है कि सूचना के बाद मोहाना थाना पुलिस व एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। जहां टीमों ने जरूरी नमूने एकत्रित किए है। वही बृहस्पतिवार देर शाम से ही बच्ची मेडिकल कॉलेज खानपुर में भर्ती है। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद मोहाना थाना प्रभारी से लेकर डीसीपी मोहाना थाना मामले में कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

# सात घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा आधा शहर

■ 132 केवी फाजिलपुर बिजली घर में 33 केवी सब स्टेशन की हाइटेंशन लाइन टूटी

■ अल सुबह 3 बजे गुल हो गई थी बत्ती, 10 बजे के बाद आई लाइट
■ मंडी क्षेत्र की दर्जनों कॉलोनियों में बाधित रही बिजली, दैनिक कार्य भी प्रभावित

**सोनीपत।** शुक्रवार अल सुबह से सात घंटों तक आधा शहर अंधेरे के साए में रहा। सात घंटे के ब्लैक आउट की वजह से अधिकतर लोगों के घरों में इनवर्टर भी ठप हो गए थे। जिसके कारण दैनिक कार्य पूरी तरह से प्रभावि रहे। लोग पानी के लिए तरसने को मजबूर हुए। सुबह 10:15 बजे बिजली बहाल होने के बाद लोगों को राहत मिल सकी। ब्लैक आउट की वजह 132केवी फाजिलपुर बिजली घर में फाल्ट बताया गया है। जिसके कारण मंडी क्षेत्र की कॉलोनियों में सात घंटे ब्लैक आउट रहा। जानकारी अनुसार शुक्रवार अल सुबह 3 बजे के करीब 132केवी फाजिलपुर बिजली घर से 33केवी बिजली सब स्टेशन को जोड़ने के लिए डाली गई हाइटेंशन लाइन का तार टूट गया। जिसकी वजह से शुक्रवार सुबह तीन बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने के कुछ समय बाद लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों को कॉल करने शुरू कर दिए। इसके बाद बिजली कर्मचारी लाइन को चेक करने लगाए। सुबह उजाला होने के बाद बिजली निगम की टीम को तार टूटा मिला। शहर की दर्जन भर कालोनियों में सुबह तक बिजली नहीं आई थी। बिजली नहीं होने से शहर में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित रही। इसके बाद बिजली निगम ने तार जोड़ने के बाद सुबह 9 बजे लाइन को चालू करने का प्रयास किया। तभी 132 केवी फाजिलपुर बिजली घर के अंदर लाइटनिंग अरेस्टर टूटकर गिर गया। बिजली कर्मियों ने बिजलीघर में मौके पर पहुंचकर तकनीकी खराबी शुरू किया और सवा 10 बजे लाइन चालू हो सकी।

### यहां-यहां बिजली गुल

33केवी सूरज स्टील बिजली घर बंद होने से बाबा कॉलोनी, लक्ष्मण कॉलोनी, मोहन नगर, नई अनाज मंडी, बैंयापुर, लहराड़ा, कालूपुर, भगत सिंह कॉलोनी, प्रभु नगर, मिर्च मंडी, आर्य नगर, गुड़ मंडी, काठ मंडी व ओल्ड रोहतक रोड के साथ लगती कई कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति बंद रही। 50 हजार लोग बिजली समस्या से जूझते रहे। हवा न चलने से गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। बिजली न होने से पुराने औद्योगिक क्षेत्र में जेनरेटर चलाकर कारखाने चलाने पड़े। वहीं नगर निगम की ओर से सुबह 5 बजे शहर में पानी की आपूर्ति की जाती है। बिजली गुल होने के कारण दो बूस्टिंग स्टेशन बंद रहे। इसके चलते सुबह से समय पानी की आपूर्ति बाधित रही। लोग सुबह से ही बिजली निगम व नगर निगम के अधिकारियों को फोन कर बिजली के साथ पानी आपूर्ति की मांग करते रहे। बिजली लाइन में फॉल्ट को दूर करने के बाद लोगों को राहत मिल सकी।

### हाइटेंशन लाइन का तार टूट गया

132 केवी बिजलीघर से 33केवी सब स्टेशन को जोड़ने के लिए हाइटेंशन लाइन का तार टूट गया था। सुबह 9 बजे तार जोड़ने के बाद लाइन को चालू करने का प्रयास किया। तभी बिजलीघर के अंदर लाइटनिंग अरेस्टर टूटकर गिर गया। मरम्मत कार्य के बाद सुबह 10:15 बजे लाइन को चालू कर दिया गया।
**रणबीर सिंह**, कार्यकारी अभियंता, बिजली निगम

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONIPAT
Run by Mange Ram Educational and Charitable Trust (Regd.)
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
Direct Admission
www.southpoint.net.in
SOUTH POINT INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
B.Tech / LEET (CSE, ECE, MECHANICAL, CIVIL)
M.Tech (CSE, ECE) ● M.Tech Part Time (ECE / CSE)
SOUTH POINT SCHOOL OF POLYTECHNIC
Diploma / LEET (CSE, ECE, ELECTRICAL, MECHANICAL, CIVIL, MLT)
SOUTH POINT SCHOOL OF COMPUTER APPLICATION & MANAGEMENT
BBA, BCA, MBA, MCA
SOUTH POINT COLLEGE OF LAW B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM (Hons.)
SOUTH POINT DEGREE COLLEGE
B.A., B.Sc. (Medical/Non-Medical), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths) ● M.A. (English, Hindi, History, Pol. Science)
SOUTH POINT P.G. COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
MANGE RAM WOMEN'S COLLEGE OF EDUCATION B.Ed.
SOUTH POINT COLLEGE OF PHARMACY
D.Pharm, B.Pharm, B. Pharm / Leet
MANGE RAM COLLEGE OF PHARMACY D.Pharm
SOUTH POINT COLLEGE OF NURSING
B.Sc. (Nursing)
SOUTH POINT WORLD SCHOOL
SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL
CBSE Affiliated, Senior Secondary Schools



DILBAG S. KHATRI
Chairman